**SUMMATIVE ASSESSMENT – I, 2013-14**

HINDI WORK SHEET – III STANDARD - IV

**UNSEEN PASSAGE**

READ THE PASSAGES CAREFULLY AND ANSWER THE QUESTIONS GIVEN BELOW

1)

एक गाँव था। उसमें दो भिखारी रहते थे। एक अंधा था और दूसरा लँगड़ा था। दोनों चलने-फिरने में असमर्थ थे। अंधा देख नहीं सकता था, लँगड़ा चल नहीं सकता था। दोनों कुछ भी नहीं कर सकते थे। इसलिए वे दोनों भूखे रहते थे।

एक बार संयोग से दोनों भिखारी मिल गए। दोनों ने अपनी-अपनी आपबीती सुनाई।

दोनों ने सोचा कि यदि हम मिलकर समझदारी से रहें तो हमारा काम बन सकता है। अंधे ने लँगड़े को अपने कंधे पर बिठाया। लँगड़ा रास्ता बताता था। उसके कहे अनुसार अंधा चलता था। इस प्रकार भीख माँगने के लिए वे एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने लगे। दोनों का काम चल पड़ा। वे एक-दूसरे को पाकर सुखी हुए।

******** ******** ******** ********

1) एक गाँव में कौन – कौन थे ?

___

2) वे भूखे क्यों रहते थे ?

___

___

3) दोनों ने क्या सोचा ?

___

___

___

4) भीख माँगने के लिए वे एक स्थान से दूसरे स्थान पर कैसे जाने लगे ?

5) इस गद्ययाँश का एक उचित शीर्षक लिखो -

******** ******** ******** ********
******** ******** ******** ********

2)

दुनिया में सात बड़े आश्चर्य हैं। आगरे का ताजमहल उनमें से एक है। ताजमहल की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।

ताजमहल आगरे में यमुना नदी के किनारे पर बनाया गया है। इसके चारों कोनों पर चार मीनारें हैं। ताजमहल की सारी इमारत दूधिया संगमरमर पत्थर से बनी है। ताजमहल की इमारत के सामने एक सुंदर बगीचा और पानी की नहर है।

ताजमहल को बादशाह शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताज की याद में बनाया था। ताजमहल के भीतर ठीक बीच में मुमताज और शाहजहाँ की कब्रें हैं। रोज देश-विदेश के सैकड़ों यात्री ताजमहल को देखने के लिए आते हैं। इसे घंटों तक देखकर भी दर्शकों का मन नहीं भरता। चाँदनी रात में ताजमहल की शोभा देखने लायक होती है।

******** ******** ******** ********

1) दुनिया के सात बड़े आश्चर्य में से एक आश्चर्य कौन सा है ?

2) ताजमहल कहाँ बनाया गया है ?

3) ताजमहल की सारी इमारत किस चीज़ से बनी है ?

_______________________________________________

_______________________________________________

4) ताजमहल किसकी याद में , कौन बनाया था ?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________


5) ताजमहल को देखने के लिए कौन आते हैं ?

_______________________________________________

_______________________________________________

******** ******** ******** ********
******** ******** ******** ********

3)



लालबहादुर शास्त्री स्वतंत्र भारत के एक महान नेता थे।

लालबहादुर शास्त्री का जन्म २ अक्टूबर, १९०४ को वाराणसी के पास मुगलसराय में हुआ था। उनके पिता का नाम शारदाप्रसाद श्रीवास्तव था। अपने मामा के यहाँ रहकर उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। उसके बाद वे वाराणसी गए। यहाँ उन्होंने काशी विद्यापीठ में 'शास्त्री' तक पढ़ाई की। तेईस वर्ष की आयु में उनका ललितादेवी के साथ विवाह हुआ।

नेहरू के बाद लालबहादुर शास्त्री भारत के प्रधानमंत्री बने। १९६५ में जब पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया तब शास्त्रीजी ने बड़ी कुशलतापूर्वक काम किया। इस युद्ध में पाकिस्तान बुरी तरह हार गया। बाद में पाकिस्तान के साथ शांति-वार्ता करने के लिए वे ताश्कंद गए। वहाँ ११ जनवरी, १९६६ को उनकी अचानक मृत्यु हो गई।

शास्त्रीजी ने देश को ' जय जवान, जय किसान ' का नारा दिया। उनकी दृढ़ मान्यता थी कि भारत की उन्नति जवानों और किसानों के द्वारा ही होगी।

सचमुच, शास्त्रीजी भारतमाता के एक महान सपूत थे। ☐

******** ******** ******** ********

1) लाल बहादूर शास्त्री का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

______________________________

______________________________

2) उनके पिता का नाम क्या था ?

______________________________

______________________________

3) नेहरू के बाद कौन भारत के प्रधानमंत्री बने ?

______________________________

______________________________

4) उनकी मृत्यु कब हुई ?

______________________________

______________________________

______________________________

5) उन्होंने देश को कौन सा नारा दिया ?

______________________________

______________________________

******** ******** ******** ********
******** ******** ******** ********

4)

रबर बड़े काम की चीज है। रबर की खोज आज से पाँच सौ साल पहले हुई थी। तब से उसकी उपयोगिता बढ़ती ही रही है।

रबर एक ठोस और लचीला पदार्थ है। यह रबर के वृक्ष से निकलनेवाले दूध जैसे रस से बनाया जाता है। इस रस में कुछ रासायनिक पदार्थ मिलाकर उसे जमा दिया जाता है। इस तरह ठोस रबर तैयार होता है। हमारे देश में केरल में रबर के वृक्ष उगते हैं। वहाँ बड़ी मात्रा में रबर का उत्पादन किया जाता है।

रबर से अनेक वस्तुएँ बनती हैं। रबर से गद्दियाँ, जूते और चप्पल बनते हैं। रबर से गुब्बारे और खिलौने भी बनते हैं। रबर की गेंद से बच्चे खेलते हैं। पेन्सिल से बनी गलत रेखाओं को रबर से मिटाया जाता है। इसलिए चित्र बनाते समय रबर पास रखना जरूरी है। बिजली के तारों पर रबर चढ़ा दिया जाता है, जिससे बिजली का झटका न लगे। साइकिल के पहिए, मोटर के टायर और ट्यूब भी रबर से ही बनते हैं। आज दुनिया का सारा यातायात रबर के बल पर ही होता है। रबर को रासायनिक द्रव में घोलकर रबर सोल्युशन बनाया जाता है। यह सोल्युशन पंक्चर जोड़ने के काम आता है।

सचमुच, रबर हमारे जीवन का एक महत्त्वपूर्ण अंग बन गया है। अब तो कृत्रिम रबर भी बनाया जाने लगा है। ❑

******** ******** ******** ********

1) रबर क्या पदार्थ है ?

______________________________

2) यह किस चीज़ से बनाया जाता है ?

______________________________

______________________________

3) हमारे देश में रबर के वृक्ष कहाँ उगते हैं ?

______________________________

______________________________

4) रबर से क्या क्या चीज़ें बनती हैं ?

______________________________

5) इस गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखो -

******** ******** ******** ********
******** ******** ******** ********

BSR Boys 1 to 3 Section: Murshad.A